आईईटी और एमएसएमई के बीच हुआ अनुबंध, जनवरी तक लगाई जाएंगीं मशीनें

मैकेनिकल इंजीनियरिंग में शॉर्ट टर्म कोर्स के लिए आएंगी तीन करोड़ की मशीनें

इंदौर। नईदुनिया प्रतिनिधि

विद्यार्थियों को उद्यमी बनाने को लेकर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) में ट्रेनिंग व वर्कशॉप सेंटर शुरू होने जा रहा है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रलय (एमएसएमई) और आईईटी के बीच अनुबंध हो चुका है। जनवरी तक यहां तीन करोड़ रुपए की मशीनें लगाई जाएंगी जिससे मैकेनिकल इंजीनियरिंग क्षेत्र में शॉर्ट टर्म कोर्स संचालित हो सकें। ये सभी डिप्लोमा कोर्सेस होंगे जिसमें आईईटी के विद्यार्थियों को प्रवेश लेने पर फीस में 50 फीसदी तक छूट मिलेगी।

आईईटी विभाग के 'एम' ब्लॉक में वर्कशॉप तैयार होगी। इसके लिए एमएसएमई ने जगह सुनिश्चित कर ली है। यहां मोटर रिपेयरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स आयटम मेंटेनेंस, इलेक्ट्रिक फिटर, वेल्डिंग समेत अन्य दस कोर्स शुरू होंगे। वर्कशॉप में लगभग 70-80 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था है। केंद्र के लिए मंत्रालय की तरफ से तीन करोड़ रुपए का अनुदान मिला है, जिससे मशीनें लगाई जाएंगी। माना जा रहा है कि दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक इन्हें लगा दिया जाएगा। अधिकारियों की मानें तो मैकेनिकल के बाद यहां सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग से जुड़े उपकरण लगाए जाएंगे। ये सभी कोर्स डिप्लोमा और सर्टीफिकेट कोर्स होंगे। नैक से पहले ही एमएसएमई और आईईटी के बीच अनुबंध हुआ। बताया जा रहा है कि सेंटर में दस विधा की मशीनों के अलावा कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल और इलेक्ट्रिकल डिस्चार्ज मशीन रखी जाएगी। आईईटी के निदेशक डॉ. टोकेकर की मानें तो केंद्र में नए सॉफ्टवेयर भी बनाए जाएंगे।

30 फीसदी सीट आईईटी के विद्यार्थियों की

मैकेनिकल विभाग के प्रमुख डॉ. अशेष तिवारी ने बताया कि अगले दो महीने में केंद्र शुरू किया जाएगा। 30 फीसदी आईईटी के विद्यार्थियों के लिए सीटें रखी हैं। उन्हें फीस में 50 फीसदी छूट मिलेगी। वहीं अन्य शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों को पूरी फीस देनी होगी। यहां अजा-अजजा वर्ग के विद्यार्थियों को मुफ्त प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ज्यादातर डिप्लोमा कोर्स एक-एक महीने की अवधि वाले रखे जाएंगे। साथ ही शोधार्थी भी यहां शोध कर सकेंगे। उनके लिए पूरी तरह निशुल्क सुविधा रखने पर विचार किया जा रहा है।

डीएवीवी में गुरु नानक देवजी प्रांतीय ओलंपिक खेल स्पर्धा शुरू, मंत्री जीतू पटवारी ने कहा-

निजी क्षेत्र की नौकरियों में खिलाड़ियों को पांच फीसदी आरक्षण मिलेगा

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9993777268

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) के खंडवा रोड स्थित तक्षशिला परिसर में दो दिवसीय प्रांतीय ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ खेल एवं युवा कल्याण मंत्री जीतू पटवारी ने रविवार को किया। इस अवसर पर पटवारी ने घोषणा करते हुए कहा कि डीएवीवी के खेल विभाग को बकिंघम यूनिवर्सिटी जैसा बनाया जाएगा। पटवारी ने दावा करते हुए कहा कि बकिंघम यूनिवर्सिटी का खेल विभाग दुनिया में श्रेष्ठ खेल विभाग है। उन्होंने आगे कहा कि सरकारी नौकरी के साथ-साथ निजी क्षेत्र की नौकरियों में भी खिलाड़ियों को 5 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। छात्रसंघ चुनाव को फिर से शुरू कराने की घोषणा करते हुए पटवारी ने कहा कि आने वाले समय में विश्वविद्यालय और कॉलेज स्तर पर छात्रसंघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराए जाएंगे।

ओलम्पिक खेलना चाहते है युक्ता घोसालकर

जब 'पीपुल्स समाचार' की टीम ने प्रतिभागियों से उनकी रुचि जाननी चाही तो सैकड़ों खिलाड़ियों ने अपना भविष्य खेल में बनाने की बात कही। 200 मीटर की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विजेता बनी युक्ता घोसालकर (17) ने बताया कि वे ओलम्पिक गेम्स खेलना चाहती हैं और देश के लिए पदक लाना चाहती हैं। मिल्खा सिंह को आदर्श मानने वाली युक्ता नियमित खेल का अभ्यास करती हैं। इससे वे कई बार पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पातीं। युक्ता को प्रतियोगिता में उनकी मम्मी पल्लवी लेकर आई थीं। एक प्रश्न के जवाब में पल्लवी ने कहा कि भले ही स्पोर्ट्स में अभी बहुत सुविधाएं नहीं है, न ही बहुत उज्ज्वल कॅरियर दिख रहा है, लेकिन बेटी की इच्छा है तो उसे स्पोर्ट्स में ही आगे बढ़ा रहे हैं।

इंदौर रहा विजेता

इंदौर के डीएसओ (डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स ऑफिसर) जोसेफ बक्सला ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले दिन आयोजित बैडमिंटन, टेबल टेनिस, हॉकी, खो-खो, बास्केटबॉल प्रतियोगिता में इंदौर ने बालक और बालिका दोनों ही वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी के बालक वर्ग में भी इंदौर विजेता रहा। बालिका वर्ग की प्रतियोगिता आज होगी।

संभाग के आठ जिले हुए शामिल

इस प्रतियोगिता में इंदौर संभाग के 8 जिलों - इंदौर, झाबुआ, बुरहानपुर, खंडवा, बड़वानी, खरगोन, आलीराजपुर और धार के 16 वर्ष से अधिक की उम्र के 1500 छात्र हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में 10 गेम शामिल हैं, जिनमें से 8 गेम की प्रतियोगिता पहले दिन संपन्न हुई, जिसमें एक हजार छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जबकि कुश्ती और वालीबॉल की प्रतियोगिता सोमवार को आयोजित होगी।